विट्स में ईएसआई स्कीम व उससे जुड़े लाभों पर सेमिनार का आयोजन

जागरण, सतना। विट्स महाविद्यालय में एच आर डिपार्टमेंट के तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देष्य संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को ईएसआई स्कीम व उससे जुड़े लाभों से अवगत कराना था। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में कर्मचारी राज्य बीमा निगम भोपाल के संयुक्त निदेषक के सी झॉं रहे। जिन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि ईएसआई का लाभ उन कर्मचारियों को मिलता है जिनकी मासिक आय 21 हजार या इससे कम होती है।

यह स्कीम कर्मचारी राज्य बीमा निगम की तरफ से चलाई जाती है। ईएसआई योजना के तहत आने वाले कर्मचारियों को सबसे बड़ा फायदा मुफ्त इलाज का मिलता है। इस स्कीम के जरिए बीमित व्यक्ति के अलावा उस पर निर्भर पारिवारिक सदस्यों को भी फ्री में इलाज की सुविधा दी जाती है। बीमाकृत व्यक्ति और उसके परिजनों के उपचार पर व्यय की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। ईएसआई से जुड़े लाभों की विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी और स्थायी रुप से अपंग बीमाकृत व्यक्ति और उसके जीवनसाथी को 120 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर चिकित्सा देखरेख प्रदान की जाती है। बीमित व्यक्ति को बीमारी के दौरान छुट्टी के लिए 91 दिनों के लिए नकद भुगतान किया जाता है। यह भुगतान मजदूरी के 70 फीसदी की दर से होता है। ईएसआई के जरिए मैटरनिटी लीव का भी लाभ मिलता है। इसमें महिलाओं को डिलीवरी में 26 सप्ताह तक और गर्भपात की स्थिति में छह सप्ताह तक औसत वेतन का 100 फीसदी भुगतान किया जाता है। ईएसआई बीमित व्यक्ति को टेंपरेरी डिसेबिलिटी की स्थिति में पूरी तरह स्वस्थ होने तक और परमानेंट डिसेबिलिटी की स्थिति में पूरे जीवन मासिक पेंशन दी जाती है। वहीं आश्रितों को पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, रिटायरमेंट के बाद मुफ्त इलाज की सुविधा भी मिलती है। एच आर एण्ड फाइनेंस हेड निवेदिता मिश्रा द्वारा संस्थान मे कार्यरत कर्मचारियों को ईएसआई स्कीम का ज्यादा से ज्यादा लाभ लिये जाने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रषासनिक अधिकारी अखिल प्रताप सिंह द्वारा अतिथि को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।